मॉडर्न पब्लिक स्कूल सैक्टर 37 फरीदाबाद
ग्रीष्मकालीन गृह कार्य सत्र -2023-24
विषय - हिंदी
कक्षा- 6

निर्देश-सभी विद्यार्थी ग्रीष्म अवकाश के समय दिए गए गृह कार्य को सुविधा अनुसार पूरा करेंगे।

प्रश्न -1-'चांद से थोड़ी सी गप्पे'कविता के आधार पर लिखिए कि शुक्ल पक्ष एवं कृष्ण पक्ष से क्या आशय है?

प्रश्न-2-'चांद से थोड़ी सी गप्पे' कविता मैं हिंदी वर्ष के महीनों के नाम दिए गए हैं उन महीनों को अंग्रेजी वर्ष के महीनों के साथ मिलाकर एक सारणी तैयार कीजिए।

प्रश्न -3-टिकट अलबम पाठ को पढ़कर सोचिए समझिए राजप्पा और नागराजन को विभिन्न देशों के टिकट अलबम इकट्ठा करने का शौक था। आप विभिन्न देशों के झंडे इकट्ठे करें और उनके चित्र चिपकाकर एक छोटा सा अलबम तैयार कीजिए ।

प्रश्न-4-आप अपनी बाल राम कथा को ध्यानपूर्वक पढ़कर समझिए सोचिए कि रामायण का हमारे जीवन में क्या महत्व है? इससे हमें क्या शिक्षा मिलती है। आठ -दस पंक्तियां लिखिए।

प्रश्न- 5-'चित्रकूट में भरत' बाल राम कथा के प्रसंग को पढ़कर लिखिए कि राम और भरत के बीच कौन-कौन सी बातचीत हुई उन्हें संक्षेप में लिखिए।

प्रश्न -6-'साथी हाथ बढ़ाना' साहिर लुधियानवी द्वारा लिखा गया एक गीत है। इस गीत के माध्यम से कवि ने जो शिक्षा दी है उसे लिखिए।

प्रश्न -7-अमोली हिंदी व्याकरण से संज्ञा को परिभाषित करते हुए इसके तीनों भेदो से संबंधित दो दो वाक्य लिखिए।

प्रश्न -8-ऐसे ऐसे पाठ में मोहन स्कूल न जाने के लिए बहाने बनाता है और कहता है मेरे पेट में ऐसे ऐसे कुछ हो रहा है। क्या उसे ऐसा बहाना बनाना चाहिए । यदि नहीं तो क्यों? पाठ के आधार पर लिखिए।

प्रश्न-9-आपने ग्रीष्मावकाश के दौरान अपने माता-पिता एवं परिवारी जनों के साथ खूब मौज मस्ती की होगी इस दौरान कुछ खाने पीने की चीजों और घूमने के स्थानों के विषय में संक्षेप में लिखिए।

प्रश्न -10-A-3 साइज शीट पर मणिपुरी संगीतज्ञों में से किन्ही पांच के नाम उनके फोटो तथा वाद्य यंत्रों के चित्रों के साथ सुंदर रूप में सजाइए।

नोट-कक्षा में कराए गए कार्य की पुनरावृत्ति करते रहना है जिससे परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त हो सके।